भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1370
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चिकित्सा महाविद्यालयों में सीट छोड़ने संबंधी बांड

1370. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:
प्रो. सौगत राय:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के चिकित्सा महाविद्यालयों में सीट छोड़ने संबंधी बांड नीति को समाप्त करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को संबंधित छात्रों से मेडिकल कॉलेज प्राधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने और मोटी रकम का भुगतान किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है जिसके कारण पाठ्यक्रम छोड़ने के इच्छुक छात्रों में अवसाद/चिंता की समस्या उत्पन्न हो गई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में पिछले तीन शैक्षणिक वर्षों के दौरान पाठ्यक्रमों को बंद किए जाने के अधिक संख्या वाले मामलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे संबंधित राज्यों के मेडिकल कालेजों में सीट छोड़ने की बांड नीति की समीक्षा करें। जहां तक देश में पिछले तीन शैक्षणिक वर्षों के दौरान बंद किए गए पाठ्यक्रमों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे का संबंध है, यह सूचित किया जाता है कि इसका विवरण केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

*****